

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास पर गायों को दुलार किया और रोटी खिलाई।

# अगली पीढ़ी को बेहतर वातावरण सौंपने पर्यावरण संरक्षण जरूरीः डॉ. महेन्द्र

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह अभियान आज जनआंदोलन बन गयाः सतीश उपाध्याय

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने रविवार को अरेरा मंडल के वार्ड क्र. 49 के बूथ क्र. 184 स्थित अशोक सोसाईटी मैदान परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सिंदूर, वेल पत्र एवं आंवले का पौधारोपण कर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।**

डॉ. महेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए भाजपा देश भर में अभियान चला रही है। सतीश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का मौका दिया है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का यह अभियान आज पूरे देश में जनआंदोलन बन चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां' के नाम अभियान की शुरुआत की और आज उसे पूरे देश ने आत्मसात कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता उसे अपने जीवन में उतार लेती है। ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण को लेकर चिंता देश सहित पूरी दुनिया में की जा रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक पेड़ मां 'के नाम अभियान जन आंदोलन बना है।

भाजपा कार्यकर्ता 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कर पर्यावरण को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे, ताकि हमारी आने वाली वाली पीढ़ियों को भी इसका फायदा मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, मंडल अध्यक्ष, पार्षद सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एम्स में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर जागरुकता अभियान का आयोजन

**भोपाल ( काप्र )।** एम्स में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को ब्रेन ट्यूमर, उसके लक्षणों, शीघ्र पहचान और उपचार विकल्पों के बारे में सटीक व वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना था। प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस गंभीर बीमारी के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जानकारीपरक सत्रों के माध्यम से ब्रेन ट्यूमर की प्रारंभिक पहचान, समय पर जांच और समुचित इलाज के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आम लोगों के बीच व्याप्त भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए संवादात्मक सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को अपने प्रश्न पूछने और संदेह दूर करने का अवसर मिला। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने कहा कि भारत जैसे देश में, जहां न्यूरोलॉजिकल समस्याएं अक्सर समय रहते पहचानी नहीं जातीं, ब्रेन ट्यूमर के प्रति जनजागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस हमें समय पर जांच, अनुसंधान में निरंतर प्रगति और रोगियों के प्रति संवेदनशील उपचार की हमारी सामाजिक व चिकित्सकीय जिम्मेदारी की याद दिलाता है। अभियान में फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों, छात्रों तथा मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

# जय जवान-जय विज्ञान को दिखाया प्रदर्शनी में




भोपाल (काप्र)।

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने युद्ध लड़ने के तरीके को बदल दिया है। जय जवान के बाद जय विज्ञान का दिया नारा आज मिलकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से युद्ध कौशल में आये बदलाव को बता रहा है ।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में रक्षा क्षेत्र में रिसर्च के माध्यम से अब सीमित हथियारों से भी बढ़त हासिल की जा सकती है यह बात भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एनसीएसटीसी नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने जय जवान..जय विज्ञान प्रदर्शनी में कही ।

भोपाल के चिनार पार्क में सारिका घारू द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय रक्षा प्रणालियों में जवानों के शौर्य के साथ विज्ञान के योगदान को दर्शाया गया । इसमें राफाल, एल- 70 एयर डिफेंस सिस्टम् जू-23 मिमी गन् शिल्का गन् एस -400 सुदर्शन वायु रक्षा प्रणाली के मॉडल को चलित मॉडल की मदद से शत्रु ड्रोन के मॉडल को नष्ट करने को ऑडियो के साथ दर्शाया गया । सारिका ने कहा कि ड्रोन को युद्ध में इस्तेमाल के लिए एक महत्वपूर्ण हथियार बना दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाल के ड्रोन युद्ध ने साबित कर दिया है कि लड़ाई हवा में होने का समय आ गया है । भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान हमारे देश के ड्रोन विरोधी सिस्टम , पाकिस्तान के हमलावर ड्रोन की लहर को रोकने में सक्षम थे, भारत ने सीमा पर एंटी एयरक्राफ्ट गन तैनात की , एक्सटेन्सिव एयर डिफेंस अम्ब्रेला को सक्रिय किया तथा इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिये आकाश तीर प्रणाली की मदद ली गई जिसमें भारतीय रक्षा प्रणालियों ने पाकिस्तानी ड्रोन नष्ट किये।

सारिका ने कहा कि टैक्नालॉजी के साथ युद्ध के इस युग में महिलाओं की सैन्य क्षेत्र में भागीदारी भी बढ़ सकेगी । अब समय है जय जवान .. जय विज्ञान का।

## पूर्व मंत्री पीसी शर्मा बोले-लक्ष्मण कांग्रेस के स्लीपर सेल

# शिलांग मामले में सीबीआई जांच तो आरक्षक भर्ती घोटाले में क्यों नहीं

भोपाल(काप्र)।

**पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस के स्लीपर सेल बताते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आरक्षक भर्ती घोटाला और कोरोना वैक्सीन को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है।**

उन्होंने कहा कि लक्ष्मण सिंह बहुत वरिष्ठ नेता है। कांग्रेस ने उनको नोटिस दिया है। अब एआईसीसी को निर्णय लेना है लेकिन अब सृजन संगठन का मामला है। मैंने भी अपनी बात रखी है। पार्टी में जो स्लीपर सेल है उनका खुलासा किया जाए। यह पहले भी पार्टी को नुकसान पहुंचा चुके और अभी भी पहुंचा रहे हैं। एआईसीसी की भी प्रक्रिया है। विचार कर रहे हैं, फिर कार्रवाई भी जल्द होगी। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि शिलांग में इंदौर दंपति लापता मामले में सीबीआई जांच की मांग की तो मप्र में आरक्षक भर्ती घोटाले से सरकार क्यों बच रही है। व्यापमं घोटाले से जो कड़ी शुरू हुई है वह खत्म नहीं हो रही है। जब पुलिस आरक्षक में ही घोटाला तो प्रदेश के कानून व्यवस्था की क्या हालत होगी? सीबीआई की जांच होना चाहिए। कौन इसमें बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। पुलिस के अफसर की मिलीभगत है। मेघालय सरकार को सीबीआई जांच के लिए लिख रहे है। आरक्षक भर्ती घोटाला भी बहुत बड़ा मामला है। इसकी भी सीबीआई जांच होना चाहिए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो।

### कोरोना पर भी सियासत

पीसी शर्मा ने कोरोना को लेकर कहा- देश समेत प्रदेश में लगातार कोरोना पॉजिटिव मरीज बढ़ रहे हैं। भोपाल में भी एक महिला की जान गई है। सरकार की नजरअंदाजी आने वाले समय में बदतर स्थिति लाने के लिए जिम्मेदार होगी। सरकार नींद में सोई हुई है, जांच तक की व्यवस्था नहीं है। पहले कितने लोगों की जान गई। सरकार को भी सतर्क रहना जरूरी है, इंतजाम कुछ नहीं हैं। पहले जिन्हें वैक्सीन लगी उन लोगों को ज्यादा हार्ट अटैक हो रहे हैं। युवाओं में इसलिए ही हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। सरकार को बीती गलतियों से सबक लेकर जल्द से जल्द व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी चाहिए।

## मुख्य सचिव से दैवेभो श्रमिकों के एरियर भुगतान की मांग

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के 11 माह के एरियर का भुगतान तत्काल कराया जाए। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का माह अप्रैल 2024 से मार्च माह 2025 तक का 11 माह का एरियर विभागों के अधिकारियों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है जबकि पिछले दो माह से दैनिक वेतन भोगी श्रमिक एरियर भुगतान की मांग कर रहे हैं। श्रम आयुक्त ने प्रदेश की दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का 1 अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक 2225 एवं 1 अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक 2250 की वृद्धि की थी, लेकिन उच्च न्यायालय के स्थगन के कारण वेतन वृद्धि विभागों में लागू नहीं हो पाई थी।

# विश्व हिंदू परिषद ने लगाया 60 सेवा बस्तियों में एक साथ स्वास्थ्य शिविर



भोपाल (काप्र)।

**विश्व हिंदू परिषद एवं नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन ( नमो ) के द्वारा भोपाल महानगर की 60 सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग भोपाल शहर की 60 से बस्तियों में संस्कार शाला संचालित करता है, जिनमें सेवा बस्तियों के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य किया जाता है, उसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन ने स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ चिन्हित सेवा बस्तियों में एक ही दिन एवं एक ही समय पर 60 स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया । स्वास्थ्य शिविर अयोध्या नगर, कोकता, ईश्वर नगर, कोलार, अन्ना नगर, पिपलानी, छोला, चान्दबड़, सेमरा, कबाड़खाना, दानापानी, जाटखेड़ी, गांधी नगर, कोहफिजा, आनंदनगर, भानपुर क्षेत्र की सेवा बस्तियों में आयोजित किए गए।

शिविर में दस हजार से अधिक लोगों को दवाई एवं 3 हजार से अधिक लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई है । स्वास्थ विभाग की टीम ने 2000 से अधिक लोगों के के आयुष्मान कार्ड एवं आशा कार्ड भी बनाए। यह आयोजन रविवार को प्रात: 8.00 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह पवार ,नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अश्वनी टंडन ,डॉ मनीषा श्रीवास्तव निदेशक भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, क्षेत्र सेवा प्रमुख राकेश अग्रवाल, प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह , प्रांत मंत्री राजेश जैन, प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी, प्रांत मातृ शक्ति संयोजिका श्रीमती अनिता सिकरवार,डॉ कुलदीप गुप्ता, प्रांत सह सेवा प्रमुख राजेश साहू, ने अपनी सेवाएं दी।

## डेढ़ साल की बच्ची को काटा, कुत्ते के मालिक पर एफआईआर दर्ज

**भोपाल( काप्र )। गांधी नगर इलाके में स्थित पारदी कॉलोनी में पालतू कुत्ते ने एक डेढ साल की बच्ची को काट लिया था। गनीमत रहा कि समय रहते बच्ची को दूर कर लिया गया वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी।**

घायल बच्ची का 20 दिन से अस्पताल में इलाज चल रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि कुत्ते का मालिक रमेश मूर्ति का काम करता है। बच्ची खुशियाली पारदी रमेश के घर के सामने ही रहती है। शुक्रवार को सुबह करीब 7 बजे खुशियाली की मां खुशी पारदी अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी, खुशियाली भी वहीं खेल रही थी। इसी दौरान रमेश अपने कुत्ते को घुमा रहा था, तभी उसका कुत्ता रमेश के हाथ से छूट गया और उसने बच्ची पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची पर बुरी तरह से हमला कर उसके पैर और पेट पर काट लिया। इतना ही नहीं बच्ची के सिर पर भी कुत्ते ने पंजा मार दिया जिससे डेढ़ साल की मासूम बुरी तरह से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने जैसे-तैसै कुत्ते से बच्ची को बचाया। बाद में गंभीर हालत में बच्ची को अस्पताल ले जाया गया और करीब 20 दिन तक उसका इलाज चला। इलाज के बाद बच्ची के परिवार वाले थाने पहुंचे, पुलिस ने कुत्ते के मालिक रमेश के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

# छोटे किसानों की जीवन शैली को सौर ऊर्जा के माध्यम से बदलेगी सरकार :शुक्ला

भोपाल (काप्र)।

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में डॉ. मोहन सरकार अब छोटे किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादक बनाने जा रही है।**

देश के अन्य राज्यों के मुकाबले में प्रदेश सरकार का किसानों के लिए एक अभिनव प्रयोग है। जो नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को एक नई पहचान देगा। राकेश शुक्ला ने रविवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि



सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के माध्यम से प्रदेश के छोटे किसान अब बिजली उत्पादक बनेंगे। इसमें निवेशकों से भी सहयोग लिया जाएगा लेकिन हमारी सरकार की मूल भावना है कि नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से किसान सस्ती बिजली का उत्पादन करें उसका उपयोग भी करें और बेचे भी।

राकेश शुक्ला ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्युत सब स्टेशंस की 100 प्रतिशत क्षमता तक की सौर परियोजनाओं को स्थापित करने का सरकार ने निर्णय लिया है। इस योजना से वोकलफार लोकल के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। शासन के साथ 25 वर्षों तक का विद्युत क्रय अनुबंध किया जाएगा। मंत्री शुक्ला ने बताया कि किसान को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध हो सके। साथ ही उसकी जीवन शैली व्यवस्थित हो सके। इस योजना का उद्देश्य है।

## मिशन कर्मयोगी में 43 हजार अधिकारी-कर्मचारी पंजीकृत

**भोपाल।** प्रदेश में राष्ट्रीय मिशन कर्मयोगी की अवधारणा और कार्य-प्रणाली को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने क्षमता निर्माण नीति तैयार की है। इस नीति में प्रत्येक विभाग के बजट में मिशन कर्मयोगी के लिये बजट का एक प्रतिशत आरक्षित किया गया है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिये आवश्यक संसाधन सुनिश्चित हो रहे हैं। यह व्यवस्था संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास में भी लागू की गयी है। मिशन कर्मयोगी डिजिटल पोर्टल पर अब तक 43 हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को पंजीकृत किया जा चुका है। ये कुल कर्मचारियों का लगभग 70 प्रतिशत है। संचालनालय के 8816 प्रतिभागी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हैं, जिनमें से 6843 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया जा चुका है। विभाग द्वारा विशेषज्ञों के माध्यम से 4 ई-लर्निंग मॉड्यूल निर्मित किये गये हैं। इनमें आश्रय-स्थल प्रबंधन, स्व-सहायता समूह गठन एवं प्रबंधन, राजस्व प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शामिल हैं। प्रदेश की क्षमता निर्माण नीति मिशन कर्मयोगी के आदर्शों पर आधारित एक ठोस एवं दायित्वपूर्ण रणनीति है।

**स्पेशल खबर** ट्रेवल इंडिया टूरिज्म के नवीन कार्यालय का शुभारंभ...

# प्रदेश बना पर्यटन क्षेत्र में असीम क्षमता और निवेश का आकर्षण केंद्र : शुक्ल

भोपाल (काप्र)।

**उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि किसी क्षेत्र में यदि औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति आ जाए तो उस क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होता है। ऐसे क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर सृजित होते हैं और बेरोज़गारी तथा गरीबी वहाँ ढूँढ़ने से भी नहीं मिलती।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास, पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन और पर्यटन क्षेत्र में निजी सहभागिता को बढ़ावा देकर सुनियोजित एवं एकीकृत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से आज मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में असीम क्षमता और निवेश का आकर्षक क्षेत्र बन गया है। श्री शुक्ल ने ट्रेवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में पिछले दो दशकों से सक्रिय ट्रेवल इंडिया टूरिज्म प्राइवेट लिमिटेड के भोपाल स्थित नवीन कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास और अन्य आवश्यक प्रोत्साहनों के साथ ब्रांडिंग के लिए भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश की समृद्ध पर्यटन धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाने के लिये सतत जागरूकता गतिविधियाँ की जा रही हैं। पर्यटन के सांस्कृतिक, एडवेंचर, लेजर, धार्मिक, आध्यात्मिक, हेल्थ एंड वेलनेस, सेंटर, फिल्म आदि क्षेत्रों में आकर्षक वातावरण का निर्माण किया जा रहा है। पर्यटक मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, धरोहर स्थल, संस्कृति और सुविधाओं के प्रति जागरूक होंगे तब पर्यटन क्षेत्र में विकास को तेजी मिलेगी। पर्यटन क्षेत्र की उपलब्ध संभावनाओं पर सशक्त प्रयास से देश ही नहीं, विदेशों से भी अधिकाधिक सैलानियों को आकर्षित करने में हम सफल होंगे। श्री शुक्ल ने नवीन संस्थान के शुभारंभ पर ट्रेवल इंडिया टूरिज्म प्रा. लि. के प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ दीं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र में भी शासन विभिन्न मॉडल्स पर कार्य कर रही है। अधोसंरचना विकास के लिए सब्सिडी एवं निवेश प्रोत्साहन की नीतियाँ लागू की गई हैं। ट्रेवल इंडिया टूरिज्म प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कंपनी की 20वीं वर्षगांठ में पल्लवी नगर में नवीन कार्यालय की स्थापना की गई है।

